युवराज

# न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+30 तिथि : 30 मई 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


# न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## बिहार की राजनीति में भी धीरे-धीरे सुगबुगाहट, पटना के मुख्य चौराहे पर लगे एक बड़े पोस्टर में कांग्रेस पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,





एक तरफ कोरोना का बढ़ता कहर तो वहीं बिहार की राजनीति में भी धीरे–धीरे सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया के जरिए जहां पक्ष–विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है तो वहीं शुक्रवार को दिनभर राजद का गोपालगंज के मुद्दे पर सत्ता पक्ष की घेराबंदी राजनीतिक गलियारे में छायी रही।

वहीं आज कांग्रेस नेता की तरफ से पटना के मुख्य चौराहे पर एक बड़ा पोस्टर लगाया गया है जिसमें पार्टी के नेता संजीव कुमार सिंह को बिहार का अगला मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बताया गया है। पोस्टर में नेता का नाम संजीव कुमार सिंह लिखा गया है जो खुद को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता बता रहे हैं। पोस्टर पर एक फोन नंबर भी लिखा गया है। पोस्टर में लोगों से अपील की गई है कि इन्हें बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनएं और कांग्रेस पार्टी को बिहार में जिताएं।

बता दें कि शुक्रवार को ही राजद ने गोपालगंज में ट्रिपल मर्डर के मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष को घेरा था और राजद नेता तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, तेजप्रताप यादव के साथ ही राजद के नेता और कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार से अपराध के मुद्दे पर जवाब देने को कहा था। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव गोपालगंज में हुई तीन लोगों की हत्या के बाद वहां जाकर पीड़ित परिवार से मिलना चाहते थे, जिसकी उन्हें इजाजत नहीं मिली।

इसके बाद महागठबंधन के नेता जीतनराम मांझी ने तेजस्वी के कदम को गलत करार दिया तो वहीं उसके बाद राजद नेता रघुवंश प्रसाद सिंह ने कहा कि महागठबंधन में किसी को भी भ्रम नहीं पालना चाहिए, तेजस्वी यादव ही महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं, ये बात सबको समझ लेनी चाहिए।
उनके इस बयान के बाद शनिवार को पटना की सड़क पर लगा कांग्रेस नेता का पोस्टर महागठबंधन में चल रही रस्साकशी की कहानी बयां कर रहा है। इस पोस्टर को लेकर जहां महागबंधन में नोंकझोंक और बिहार में राजनीतिक बयानबाजी होना तय है।

## मैट्रिक परीक्षा में जिले के टॉपर्स को ब्रावो फाउंडेशन जल्द करेगी सम्मानित - राकेश पांडेय



अनुकरणीय पहल

सम्राट, संवाददाता



वैश्विक महामारी कोरोना से जूझ रहे पूर्वी चंपारण को जिले के मैट्रिक परीक्षार्थियों ने अपने कड़े मेहनत व लगन के बदौलत बेहतर परिणाम लाकर चम्पारण का नाम रौशन कर गौरवान्वित करने का काम किया है।जिससे खुश होकर ब्रावो फाउंडेशन ने जिले के टॉपर्स को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।इसके तहत जिले के छह टॉप छात्रों को को एक एक साईकिल देकर सम्मान दिया जाएगा वही जिले के टॉप तीन छात्राओं के नाम 11–11 हजार रुपये का फिक्स्ड डिपॉजिट कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

> पूर्वी चंपारण के टॉप छह छात्र को मिलेगा साईकिल तो वही टॉप तीन छात्राओं के नाम होगा 11 हजार रुपये का फिक्स्ड डिपॉजिट

ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक व ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय ने लंदन से दूरभाष पर बताया कि मैं भी 1992 में स्थानीय मंगल सेमिनरी से मैट्रिक परीक्षा में बमुश्किल फर्स्ट डिवीजन से उतीर्ण हुआ था और आज जब छात्रों को उनके मेधा के बदौलत टॉप करते हुए सुना तो हृदय प्रफुल्लित हो गया और उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया।

श्री पांडेय ने बताया कि लॉक डाउन के समाप्त होते ही सभी टॉप छः छात्रों एवम तीन छात्राओं को स्थानीय ब्रावो फाउंडेशन के कार्यालय में ससम्मान बुलाकर सम्मानित किया जाएगा जिसकी तिथि की घोषणा लॉक डाउन समाप्त होने पर कर दी जाएगी।

ज्ञात हो कि ब्रावो फाउंडेशन लगातार चम्पारण में जनसेवा करती चली आ रही है कभी जरूरत मंदो को सुखा खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रही हैं तो वही पिछले 11 दिनों से लगातार एन एच 28 सरोत्तर में प्रवासी मजदूरों को तैयार भोजन उपलब्ध कराने के साथ साथ जिले के प्रत्येक संगरोधी केंद्रों पर मास्क व पी पी ई किट उपलब्ध कराया जा रहा है एवम शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान पर सैनिटाइजर की भी व्यवस्था फाउंडेशन के द्वारा की जा रही हैं।


युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज RNI:- BIHHIN05409 NEWS TODAY Update


News Today Digital Paper Tarrif

Back Page Full : 27.94 X 43.18 cm = 55000.00
Back Page Half : 13.97 X 21.59 cm = 30000.00
Back Page Quarter : 06.98 X 10.79 cm = 20000.00
Complimentery Ad : 04.00 X 06.00 cm = 5000.00
Inner Page 25% less of all Tarrif

Portal Tarrif

| PARTICILAR | DAILY (MIN. 15 DAYS) | MONTHLY | YEARLY |
|---|---|---|---|
| HEADER : | 2000 | 50,000 | 5,00,000 |
| UNDER NEWS : | 1000 | 25,000 | 2,50,000 |
| SIDE, MIDDLE & OTH : | 1500 | 35,000 | 3,50,000 |

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830





## बंगाल में १ जून से खुलेंगे धार्मिक स्थल, ८ से सभी कर्मचारी काम पर लौटेंगे : ममता



आशीष राज,




कोरोना संकट को लेकर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य में धार्मिक स्थल 1 जून से खोल दिए जाएंगे. लेकिन इसके लिए कुछ जरूरी बातें भी होंगी जिसका पालन करना होगा. ममता ने घोषणा की है कि एक जून से सभी धार्मिक स्थल सुबह 10 बजे से खोले जाएंगे.

ममता बनर्जी ने प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि किसी को भी धार्मिक स्थलों पर इकट्ठा होने की इजाजत नहीं दी जाएगी. एक समय में केवल 10 व्यक्तियों को ही जाने की अनुमति होगी. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर सैनिटाइजेशन की पूरी व्यवस्था हर हाल में होनी चाहिए. मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार भी इसे स्वीकार करेगी.

इसके साथ ही शुक्रवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में ममता बनर्जी ने एक और बड़ा ऐलान किया. ममता ने कहा कि 8 जून से राज्य में सभी सरकारी और प्राइवेट कर्मचारी अपने काम पर लौटेंगे. यह नहीं ममता बनर्जी ने यह भी घोषणा की कि पश्चिम बंगाल में जूट इंडस्ट्री 1 जून से अपने सभी कर्मचारियों के साथ खोल दी जाएगी. इसके अलावा ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के सभी राज्य राजमार्गों और जिले की सड़कों को भी फिर से खोल देने की घोषणा की है.

## बिहार में फिर मिले 150 कोरोना के नए मरीज, 17 मौत के साथ संक्रमितों का आंकड़ा पहुंचा 3509



रिंकू गिरी,
संवाददाता




बिहार में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है. सूबे के हालत बिगड़ते हुए दिखाई दे रहे है. बिहार में कोरोना के 150 नए मरीजों के मिलने की पुष्टि हुई है. इन नए मामलों के सामने आने के बाद बिहार में संक्रमण का कुल आंकड़ा बढ़कर 3509 पहुंच गया है.

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रोहतास के सासाराम में 3 मरीज मिले हैं. कैमूर में 3 मरीज संक्रमित हुए हैं. भागलपुर के जगदीशपुर में भी कोरोना का एक मरीज मिला है. वैशाली जिले के हाजीपुर में एक मरीज मिला है. पूर्वी चंपारण 1, सारण में 1, भोजपुर में 14 मरीज मिले हैं. शेखपुरा में 16, गया में 5 मरीज मिले हैं. पटना में तीन नए मरीज मिले हैं. एक मरीज धनरूआ का है. सीवान एक बार फिर 6 कोरोना संक्रमित मिले है.




## जीविका की अच्छी पहल, "एक मुट्ठी अनाज" कार्यक्रम की शुरूआत



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




पूर्वी चम्पारण जिले के तेतरिया प्रखंड के मधुवहा ब्रिट पंचायत में "एक मुट्ठी अनाज" कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ चन्द्र भूषण कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गयी.
इस कार्यक्रम के दौरान पंचायत के सभी घरों से स्वेच्छा से अनाज जैसे चावल, दाल, आटा, आलू , प्याज, तेल इत्यादि संग्रह करके गरीब तथा असहाय परिवारों में वितरित की जाएगी बीडीओ ने कहा कि यह जीविका की अच्छी पहल है एवं इससे गरीब लोगो लाभ मिलेगा.

बीपीएम अमित प्रीतम ने बताया कि आज दिन भर में लगभग 1.5 क्विंटल चावल, 70 किग्रा दाल, 1 क्विंटल आलू, 50 किग्रा प्याज एवम् अन्य सामग्री एकत्रित कर गांव के ही 30 परिवारों में वितरित किया गया।

अमित प्रीतम ने बताया कि इस कार्यक्रम को सभी 9 पंचायतों में शुरू किया जाएगा एवं गरीब दीदियों की मदद की जाएगी. मौके पर जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री अमित प्रीतम, मुखिया पति मनोज यादव, शनि कुमार, मिथुन कुमार एवं बिपिन कुमार उपस्थित रहे।

## डीएमआरसी अगले सप्ताह से सीमित रूटों पर ट्रेनों का संचालन कर सकता है शुरू, मेट्रो के लाखों यात्री अगले कुछ दिनों में देखेंगे कई बड़े बदलाव



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




डीएमआरसी ने एसी के सैनिटाइजेशन और उसके संचालन के लिए प्रोटोकॉल तैयार किया है। यदि एक जून से मेट्रो का परिचालन शुरू हुआ तो उस प्रोटोकॉल का पालन होगा।
जून महीने में दिल्ली मेट्रो के संचालन की खबरों के बीच दिल्ली मेट्रो रेल निगम अपनी और से पूरी तैयारी कर चुका है। मेट्रो स्टेशनों पर रोजाना सैनिटाइजेशन करने के साथ ट्रेन के फेरे में लगवाए जा रहे हैं, जिससे किसी तरह की कोई तकनीकी दिक्कत पेश नहीं आए। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद डीएमआरसी अगले सप्ताह से सीमित रूटों पर ट्रेनों का संचालन शुरू कर सकता है।

वहीं, विशेषज्ञों की मानें तो सेंट्रलाइज्ड एयरकंडीशन से कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा रहता है। इससे बचाव के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने पूरी तैयारी की है, ताकि मेट्रो का परिचालन शुरू होने पर एसी से ज्यादा संक्रमण न होने पाए। डीएमआरसी ने एसी के सैनिटाइजेशन और उसके संचालन के लिए प्रोटोकॉल तैयार किया है। यदि एक जून से मेट्रो का परिचालन शुरू हुआ तो उस प्रोटोकॉल का पालन होगा।

मेट्रो स्टेशनों पर सुबह–शाम नहीं मिलेगी एसी की ठंडक

डीएमआरसी के अनुसार इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडिशनिंग इंजीनियर्स नामक संस्थान ने कोरोना के दौर में एसी के इस्तेमाल के लिए दिशा–निर्देश तय किया है। इसके तहत सभी स्टेशनों पर लगे एसी के उपकरणों को एक फीसद सोडियम हाइड्रोक्लोराइड से तैयार स्प्रे से सैनिटाइज किया जाएगा।

इसके तहत भूमिगत स्टेशनों पर एसी का इस्तेमाल कम से कम होगा। अधिकतर समय स्टेशनों का वेंटिलेशन सिस्टम खुला रखा जाएगा, ताकि स्टेशनों पर स्वच्छ हवा की मौजूदगी बनी रहे। इसके अलावा यह तय किया गया है कि सुबह 8:30 बजे तक सभी भूमिगत स्टेशनों के वेंटिलेशन सिस्टम को खुला रखा जाएगा। उस समय एसी नहीं चलेगा।

बताया जा रहा है कि सुबह 8:30 से 10:30 बजे के बीच 100 फीसद स्वच्छ हवा के साथ चिलर प्लांट भी चलाया जाएगा। सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे के बीच एसी चलेगा। इस दौरान भी 10 फीसद स्वच्छ हवा आने के लिए व्यवस्था रहेगी। शाम 4:30 बजे दोबारा सभी वेंटिलेशन सिस्टम खोल दिए जाएंग। शाम सात बजे के बाद चिलर प्लांट बिल्कुल बंद कर दिए जाएंगे।

दिल्ली मेट्रो में देखने को मिलेंगे ये बड़े बदलाव

★मेट्रो स्टेशनों के साथ ट्रेनों के कोच में भी जगह–जगह कोरोना वायरस के प्रति जागरण करते स्टीकरध्पोस्टर लगे होंगे।
★कोरोना वायरस से कैसे बचें? इसके लिए एनाउंस करके यात्रियों को जागरूक किया जाएगा।
★मेट्रो ट्रेन के प्रत्येक कोच में फीजिकल डिस्टेंसिंग के मद्देनजर एक सीट के बाद दूसरी सीट पर स्टीकर लगे होंगे, उन पर लिखा होगा 'यहां बैठना मना है।'
★यात्रियों को आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करना होगा।
★मेट्रो स्टेशनों पर थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी और सर्दी, जुकाम और बुखार होने की स्थिति में यात्रा की अनुमति नहीं होगी।
★मुंह पर हर यात्री को मास्क लगाना होगा, नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना लगाने की बात भी चल रही है।

## दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हम नहीं कर सकते स्थायी रूप से लॉकडाउन, देश में कोरोना के अब तक कुल 1,73,763 मामले



सुनील चौधरी,
संवाददाता,

कोरोना स्पेशल




दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हम स्थायी रूप से लॉकडाउन नहीं कर सकते। इस बीच देश में लॉकडाउन 4 का काउंटडाउन अब बस खत्म होने वाला है। देश में लॉकडाउन बढ़ाया जाए या नहीं इसको लेकर सरकार को आज–कल में फैसला लेना है। भारत फिलहाल कोरोना से प्रभावित देशों में 9वें नंबर पर है।

इस बीच देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में देश में रिकॉर्ड 7,964 मामले सामने आए हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा 265 लोगों की मौत हुई है। देश में कोरोना वायरस के कारण मौत का आंकड़ा अब 5 हजार के पास पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना से अब तक 4971 लोगों की मौत हो चुकी है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में अब तक कुल 1,73,763 मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में फिलहाल 86,422 एक्टिव केस हैं, वहीं 82, 370 लोग ठीक हो चुके हैं।


बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830